बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–31.10.2024

सिवान जिला का टॉप 10 वांछित अपधरकर्मी सुजीत कुमार पंडित उर्फ सुजित माफिया अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार

- दिनांक 30.10.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं सिवान जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सिवान जिला का टॉप 10 वांछित अपराधकर्मी सुजित कुमार पंडित उर्फ सुजित माफिया पे0 श्याम किशोर पंडित सा0 टारी बाजार थाना रघुनाथपुर जिला सिवान को रघुनाथपुर (सिवान) थाना क्षेत्र से छापामारी कर अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में रघुनाथपुर (सिवान) थाना कांड सं0 295/24 दिनांक 30.10.2024 धारा 310(4)/310(5)/317(4)/317(5) एवं 25(1–बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट एवं 8/20(बी)(**ii**)(बी) एन0डी0पी0एस0 एक्ट दर्ज किया गया है।
- बरामदगी :–
  1. देशी पिस्टल –01
  2. जिंदा कारतूस –04
  3. गांजा – 2.100 कि0ग्रा0
  4. लूटी हुई मोटरसाईकिल –06
- उल्लेखनीय है कि उक्त अपराधकर्मी द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में किसी व्यक्ति की हत्या एवं सी0एस0पी0 लूट करने की योजना बनाई गई थी एवं रघुनाथपुर थाना के वर्तमान थाना प्रभारी को इन्स्टाग्राम पर लाईव आकर गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गई थी। एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं जिला पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त की गिरफ्तारी की गई। इस संबंध में गिरफ्तार अभियुक्त से पुछताछ जारी है।
- उक्त अपराधकर्मी के विरूद्ध सिवान जिला के रघुनाथपुर थाना में हत्या, डकैती, लूट एवं आर्म्स एक्ट सहित कई कांड दर्ज हैं।

STF